दिनांकः- 25.04.2024

## ➢ पुलिस थाना महामन्दिर टीम द्वारा दुपहिया वाहन चोर व खरीददार के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही

## ➢ जोधपुर शहर में अलग-अलग जगहों से हुई वाहन चोरी की 7 वारदातों का खुलासा, 6 दुपहिया वाहन बरामद

## ➢ टीम द्वारा माह मार्च-अप्रेल में अब तक कुल 26 मोटरसाईकिल चोरी की वारदातों का खुलासा

**घटना का विवरणः-**

दिनांक 05.04.2024 को पुलिस थाना महामंदिर में प्रार्थीश्री कूपसिंह निवासी गुड़ा धमावता पुलिस थाना सिरीयारी जिला पाली हाल अरोड़ा शाही सब्जी, पावटा ए रोड़, जोधपुर ने लिखित रिपोर्ट पेश की कि दिनांक 03.04.2024 को मैनें पावटा स्थित अरोड़ा शाही सब्जी के सामने अपनी मोटरसाईकिल हीरो एचएफ डिलक्स खड़ी की थी जो अज्ञात चोर चोरी कर ले गया वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

**कार्यवाही पुलिसः-**

श्रीमान् राजेन्द्रसिंह(IPS), पुलिस आयुक्त महोदय पुलिस आयुक्तालय जोधपुर के द्वारा प्रदत्त निर्देशों की पालना में श्री विरेन्द्रसिंह, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व, श्री अभिषेक अंदासु(IPS प्रो.) एसीपी वृत पूर्व के निकट सुपरविजन में जोधपुर शहर में विगत दिनों से बढ़ रही दुपहिया वाहन चोरियों पर अंकुश लगाने हेतु श्री शिवलाल मीणा, थानाधिकारी पुलिस थाना महामन्दिर जोधपुर पूर्व के नेतृत्व में श्री सतीशचंद हैड कानि 268 मय जाब्ता की एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित विशेष टीम द्वारा तकनीकी संसाधनों, सीसीटीवी फूटेज व अभय कमाण्ड कन्ट्रोल से बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए मुखबिर मामूर कर सक्रिय वाहन चोर 01. बरकत पुत्र श्री अमराराम जाति मीरासी उम्र 30 साल निवासी तेलीयों का बास, गोदावास पीएस भोपालगढ जोधपुर ग्रामीण हाल किरायेदार सोजत सिटी जिला पाली को सोजतसिटी पाली से दस्तयाब किया जाकर बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया गया, अनुसंधान के क्रम में

आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिनांक 29.04.2024 तक पीसी रिमाण्ड प्राप्त कर अभियुक्त बरकत की निशादेही से रिमाण्ड अवधि में प्रकरण का चुराया हुआ माल मसरूका मोटरसाईकिल सहित आरोपी के कब्जे से अलग-अलग जगहों से चुरायी हुई कुल 06 मोटरसाईकिल बरामद की गयी हैं। मुलजिम बरकत द्वारा प्रतापनगर थाना सदर के अन्तर्गत बालाजी जनरल स्टोर के सामने, पांचवी रोड़ से चुरायी मोटरसाईकिल हयाते को अन्य आरोपी महेन्द्र पुत्र श्री भैरूलाल जाति सरगरा उम्र 36 साल निवासी गांव नान्दडा कल्ला, पीएस बनाड़, जोधपुर पूर्व को 5000 रू मे बेच दिया था, जिस पर आरोपी महेन्द्र द्वारा उक्त चुरायी हुई मोटरसाईकिल को खरीदने के बाद काटकर अलग-अलग पार्ट्स करके कुछ पार्ट्स कबाडी को बेच दिये और कुछ कीमती पार्ट्स अपने पास रख लिये जिस पर मुलजिम बरकत की निशादेही पर खरीददार आरोपी महेन्द्र के कब्जे से शेष पार्ट्स व इंजन जब्त कर आरोपी महेन्द्र को भी गिरफ्तार किया गया हैं। **ज्ञात रहे पुलिस थाना महामन्दिर टीम द्वारा माह मार्च व अप्रेल में अब तक वाहन चोरी की कुल 26 वारदातों का खुलासा कर 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चुराये गये वाहन बरामद कर आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया जा चूका हैं। वाहन चोरों के विरूद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।**

**तरीका-ए-वारदात:-**

मुख्य आरोपी बरकत जो कि आले दर्जे का नशेड़ी व वाहन चोर है जिसके विरूध पूर्व मे भी वाहन चोरी के करीब 1 दर्जन प्रकरण दर्ज होकर आरोपी चालानसुदा है, जो शहर जोधपुर मे वाहन चोरी के उदेश्य से घूमता रहता है तथा वाहन चोरी की टोह में रहता है, जैसे ही मौका मिलता है आरोपी मास्टर चाबी की सहायता से लॉक तोड़कर मोटरसाईकिल चोरी कर छोटे रास्तों के जरिये जोधपुर शहर छोड़कर पाली में सोजत सिटी चला जाता हैं। आरोपी बरकत चोरी करने के बाद चुरायी हुई मोटरसाईकिल को कुछ दिन अपने पास रखने के बाद 4 से 5 हजार रूपये में अन्य लोगों को बेचकर मुनाफा कमाता हैं। आरोपी बरकत अन्तिम बार बनाड थाने से माह फरवरी में मोटरसाईकिल चोरी के आरोप में न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया जो करीब 2 माह पहले ही केन्द्रीय कारागृह से रिहा हुआ था, रिहा होते ही आरोपी ने मोटरसाईकिल चोरी की पुनः वारदात करना चालू कर दिया।

आरोपी बरकत ने पूछताछ के दौरान करीब एक माह पहले पुलिस थाना **प्रतापनगर सदर** अन्तर्गत बोम्बे मोटर चोराये के पास से एक स्पलेण्डर प्रो व एक साईन मोटरसाईकिल, पांचवी रोड़ चौराये के पास एक सुपर स्पलेण्डर मोटरसाईकिल, करीब एक महिने पहले पांचवी रोड के पास से एक सुजुकी हायाते मोटरसाईकिल, पुलिस थाना **महामन्दिर** के अन्तर्गत दिनांक 03.04.2024 को अरोड़ा शाही सब्जी, पावटा बी रोड से एचएफ डिलेक्स मोटरसाईकिल, पुलिस थाना रातानाडा के अन्तर्गत आज से करीब 20 दिन पूर्व जेडीए चौराये से एक होण्डा साईन मोटरसाईकिल तथा दिनांक 10.04.2024 को **बिलाडा** थाना अन्तर्गत एक मेले के अन्दर से एक स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल चोरी करने की वारदातें स्वीकार की हैं। चोरी की 7 वारदातें स्वीकार करने पर अब तक चोरी की 6 मोटरसाईकिल बरामद की चुकी है। मुलजिम दिनांक 29.04.2024 तक पुलिस रिमाण्ड पर है जिससे ओर वारदातें खुलासा हो सकता है।

**अपराधी का विवरण**

01. बरकत पुत्र श्री अमराराम जाति मीरासी उम्र 30 साल निवासी तेलीयों का बास, गोदावास पीएस भोपालगढ जोधपुर ग्रामीण हाल किरायेदार सोजत सिटी जिला पाली। (मुख्य अभियुक्त)

02. महेन्द्र पुत्र श्री भैरूलाल जाति सरगरा उम्र 36 साल निवासी गांव नान्दडा कल्ला, पीएस बनाडा जोधपुर पूर्व (खरीददार)

**अपराधिक रिकॉर्ड**

बरकत (मुख्य अभियुक्त)

| क.स. | प्रकरण संख्या/दिनांक | धारा | पुलिस थाना |
|---|---|---|---|
| 1. | 76/23.05.2014 | 406,420 भादसं. | महिला थाना जोधपुर पूर्व |
| 2. | 139/27.06.2015 | 341,323 भादसं. | बनाड |
| 3. | 222/14.07.2022 | 379 भादसं. | बनाड |
| 4. | 294/4.09.2022 | 379 भादसं. | बनाड |
| 5. | 196/06.04.2023 | 379 भादसं. | महामन्दिर |
| 6. | 226/23.04.2023 | 379 भादसं. | महामन्दिर |
| 7. | 62/17.2.2023 | 379 भादसं. | सरदारपुरा, जोधपुर पश्चिम |
| 8. | 121/21.4.2023 | 379 भादसं. | रातानाडा |
| 9. | 79/10.2.2023 | 379 भादसं. | उदयमंदिर |
| 10. | 70 दिनांक 16.2.2024 | 379 भादसं. | बनाड़ |

महेन्द्र (खरीददार)

| क्र.स. | प्रकरण सख्या/दिनांक | धारा | पुलिस थाना |
|---|---|---|---|
| 1 | 14/22.01.20214 | 353,427 भादस | बनाड़ |
| 2 | 205/31.08.2020 | 19/54 आबकारी अधि. | बनाड़ |
| 3 | 333/30.11.2020 | 363 भादसं | मण्डोर |

**पुलिस टीम--**

01. श्री शिवलाल निपु थानाधिकारी पुलिस थाना महामन्दिर जोधपुर पूर्व,
02. श्री सतीशचन्द हैड कानि 268 (विशेष भूमिका),
03. श्री प्रकाश कानि 2551 आसूचना,
04. श्री प्रवीणसिंह कानि 127,
05. श्री रतनलाल कानि 1061,
06. श्री विश्वदीपसिह कानि 2942,
07. श्री सुरेश कानि 2637

(आलोक श्रीवास्तव)
पुलिस उपायुक्त
जोधपुर पूर्व


पुलिस थाना महामन्दिर
पुलिस आयुक्तालय, जोधपुर (पूर्व)